अब स्पोर्ट्स सिटी के नाम से जाना जायेगा शहर : मंडलायुक्त

जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंघानिया और डीपीएस फाइनल में

प्रतियोगिता के दौरान टेबिल टेनिस खेलते मंडलायुक्त डा. राजशेखर व रैफरी की भूमिका निभाते आईआईटी के निदेशक अभय करंदीकर।

कानपुर, 20 जनवरी। कानपुर अभी तक गंगा के अलावा औद्योगिक, हैरिटेज और तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के रूप में ही जाना जाता था। अब स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। आने वाले समय में शहर के विभिन्न खेलों के खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नहीं बल्कि अंतर राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन करेंगे। यह बातें आज द स्पोर्ट्स हब टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन करने पहुंचे मंडलायुक्त डा. राजशेखर ने कहीं। स्मार्ट सिटी द्वारा बनायी गयी इस बिल्डिंग की तारीफ आईआईटी के निदेशक अभय करंदीकर ने भी की, जो यहां का शुभारम्भ करने आए थे। मंडलायुक्त ने कहा कि अभी तक कानपुर में ग्रीन पार्क स्टेडियम, क्रिकेट के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध स्टेडियमों में से एक है जिसका क्रिकेट के क्षेत्र में 70 से अधिक वर्षों का गौरवशाली इतिहास है, जो क्रिकेट के अलावा, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, बास्केट बॉल, हॉकी और जिम जैसी कई अन्य खेल सुविधाओं की भी मेजबानी कर रहा है। परन्तु वर्तमान आवश्यकताओं को देखते हुए कानपुर को स्पोर्ट्स सिटी बनाने, खेल जगत से जुड़े विभिन्न खेलों व खेल प्रेमियों की महत्वपूर्ण सुविधाओं और आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कानपुर स्मार्ट सिटी लि0 ने द स्पोर्ट्स हब को तैयार किया है, जिसका मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 09 दिसम्बर को उद्घाटन कर इसे खेल प्रेमियों के लिए खोला जा चुका है। प्रतियोगिता में आज सर पदमपत सिंहानिया स्कूल व डीपीएस आजादनगर की टीम सीनियर बालिका वर्ग में फाइनल में प्रवेश कर गई। शुक्रवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पहले सेमी फाइनल मैच में सर पदमपत सिंहानिया ने जय नारायण विद्या मंदिर को 30-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में डीपीएस आजादनगर ने केके गर्ल्स कालेज की टीम को 3-0 से हराकर फाइनल में पहुंची। 22 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के हर वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाले को पांच हजार, द्वितीय स्थान वाले को तीन हजार व तृतीय स्थान पर आने वाले को दो हजार का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस मौके पर सुदीप गोयनका मैनेजिंग डायरेक्टर गोल्डी मसाले ग्रुप, संजीव पाठक अध्यक्ष उप्र टेबिल टेनिस एसोसिएशन, संजीव टण्डन सचिव कानपुर टेबिल टेनिस एसोसिएशन, राजीव गर्ग मैनेजिंग डायरेक्टर द स्पोर्ट्स हब उपस्थित रहे।